बिहार लोक सेवा आयोग
63वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-II)
प्रैक्टिस पेपर-I

अनुदेशः

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्न तथा खंड-III से **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

Section-I
खण्ड-I

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 300**

1. "मूल कर्तव्य, नागरिकों के लिये प्रेरणास्रोत हैं और उनमें अनुशासन और प्रतिबद्धता को बढ़ाते हैं। वे इस सोच को उत्पन्न करते हैं कि नागरिक केवल मूक दर्शक नहीं हैं बल्कि राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति में सक्रिय भागीदार हैं।" इस कथन की व्याख्या कीजिये और बताइए कि वे व्यवहार में कहाँ तक सफल हुए हैं? 38
2. "भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिये धर्मनिरपेक्षतावाद एक अनिवार्य तत्त्व है।" कथन का परीक्षण कीजिये। 38
3. पिछले कुछ समय से देश में लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को एक साथ कराए जाने की चर्चा हो रही है, इस संदर्भ में राजनीतिक स्थिरता, संसाधनों की बचत तथा प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना कितना सार्थक हो सकता है? इसके नकारात्मक पक्षों पर भी विचार कीजिये। 38
4. बिहार की राजनीति में प्रमुख दबाव समूहों की पहचान करते हुए उनकी भूमिका का परीक्षण कीजिये। 38

Section-II
खण्ड-II

5. जैविक खेती क्या है? भारत में जैविक खेती की समस्याओं और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा कीजिये तथा भारत में जैविक उत्पादों की स्वीकृति और उनके प्रमाणन के लिये नियम व विनियमन पर प्रकाश डालिए। 38
6. "बिहार में जल संसाधनों की प्रचुरता है, फिर भी बिहार अपनी घरेलू, कृषिगत एवं औद्योगिक संबंधी आवश्यकताओं के लिये जल संसाधन का उचित उपयोग एवं प्रबंधन में अक्षम रहा है।" कथन की समीक्षा कीजिये तथा बिहार में जल प्रबंधन पर अपने सुझाव दीजिए। 38
7. "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में निर्यात की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होने के साथ-साथ रोज़गार सृजन की दृष्टि से बेहद मत्त्वपूर्ण हो सकते हैं" इस कथन को समझाते हुए इनकी क्षेत्रवार रोज़गार सृजनशील प्रकृति व महिलाओं को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने की दृष्टि से इनके महत्त्व पर प्रकाश डालिए। इनके विकास के लिये कुछ उपयुक्त उपाय भी सुझाइए। 38
8. GST को लागू हुए एक वर्ष से अधिक समय हो चुके हैं। GST किस प्रकार केंद्र एवं राज्यों के आर्थिक समृद्धि के साझा लक्ष्यों की पूर्ति में सफल रहा है? GST के आम दृश्य प्रभावों (Common Visible Effect) की चर्चा कीजिये। 38

Section-III
खण्ड-III

9. "पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या है, जिसे प्लास्टिक प्रदूषण ने और भी विकराल रूप प्रदान किया है।" इस कथन के आलोक में प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों की चर्चा कीजिये। हाल ही में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिये विभिन्न राज्यों द्वारा किये गए उपायों को रेखांकित कीजिये। 36
10. "ऊर्जा की बढ़ती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए भारत को अपने सौर ऊर्जा कार्यक्रमों का विस्तार जारी रखना चाहिये।" उपर्युक्त कथन के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किये गए प्रयासों की चर्चा कीजिये। सौर ऊर्जा के प्रयोग में विद्यमान चुनौतियों का उल्लेख करते हुए यह बताइए कि भारत इन चुनौतियों से कैसे निपट सकता है? 36
11. "वर्तमान समय में मिलावट एक गंभीर समस्या बन गई है। हमारे उपयोग के प्रायः सभी उत्पादों में किसी-न-किसी रूप में मिलावट हो रही है।" कुछ उदाहरण देते हुए मिलावट के कारण मानव-स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा कीजिये तथा इसे रोकने के सरकार द्वारा किये गए प्रयासों का उल्लेख कीजिये। 36
12. 'आयुष्मान भारत योजना' क्या है? इस योजना से देश की बड़ी आबादी की स्वास्थ्य संबंधी समस्या किस प्रकार दूर हो सकेगी? बिहार किस प्रकार इस योजना से लाभान्वित होगा? 36